**बिहार सरकार,**
**बिहार कौशल विकास मिशन,**
**श्रम संसाधन विभाग**

296
17/3/2020

**आदेश**

राज्य सरकार के 7 निश्चयों में से एक "आर्थिक हल, युवाओं को बल" के अधीन कुशल युवा कार्यक्रम के संचालन हेतु कौशल प्रशिक्षण केन्द्रों की पंजीकरण की प्रक्रिया प्रारम्भ की गयी थी, जिसके आधार पर प्रशिक्षण प्रदाता एजेंसी ANAND को बेगुसराय जिले में कुशल युवा केन्द्र संचालित किये जाने हेतु पंजीकृत किया गया। पंजीकरण के आधार पर इस केन्द्र KYP code 05010007 को संचालित करने की अनुमति प्रदान की गयी । कालान्तर में श्री भदई सिंह, पिता–स्व0 भुनेश्वरी सिंह,साकिन भारद्वाज नगर,बड़ी एघु, पो0 मोहन एघु, जिला–बेगुसराय के द्वारा बिहार कौशल विकास मिशन में एक आवेदन पत्र समर्पित किया गया, जिसमें उनके द्वारा उल्लेख किया गया कि वे उक्त संस्था का संचालन Franchisee mode में कर रहे हैं । आवेदन पत्र में उनके द्वारा यह उल्लेख किया गया है कि केन्द्र को अधिष्ठापित करने हेतु सारी राशि का व्यय उनके द्वारा किया गया है, साथ हीं उनके द्वारा श्रीमती इन्दुभूषण सिंह, सचिव ANAND एवं उनकी पत्नी श्रीमती ब्यूटी देवी के बीच एक हस्ताक्षरित एकरारनामा की प्रति भी समर्पित की गयी, जिसमें 20:80% के Revenue sharing का उल्लेख किया गया है ।

श्री भदई सिंह से प्राप्त आवेदन के आलोक में बिहार कौशल विकास मिशन के पत्र संख्या–61 दिनांक–20.01.2020 के द्वारा श्रीमती इन्दुभूषण सिंह, सचिव ANAND बेगुसराय से स्पष्टीकरण की मॉग की गयी। पूछे गये स्पष्टीकरण के आलोक में श्रीमती सिंह द्वारा email के माध्यम से 28.01.2020 को अपना स्पष्टीकरण बिहार कौशल विकास मिशन को समर्पित किया गया ।

अपने स्पष्टीकरण में श्रीमती सिंह द्वारा उल्लेख किया गया है कि उनके द्वारा किसी भी प्रकार का कोई एकरारनामा नहीं किया गया है । श्री भदई सिंह उक्त केन्द्र पर केन्द्र समन्वयक के रूप में कार्य करते हैं।

इस मामले में जिला कौशल प्रबंधक से प्राप्त प्रतिवेदन एवं श्री भदई सिंह के द्वारा समर्पित एकरारनामा की प्रति से स्पष्ट होता है कि प्रथम पक्ष श्रीमती इन्दुभूषण सिंह, सचिव, ANAND एवं द्वितीय पक्ष उनकी पत्नी श्रीमती ब्यूटी देवी के बीच 20:80% के Revenue sharing के आधार पर यह केन्द्र स्थापित किया गया है तथा इस केन्द्र को स्थापित करने, भवन का किराया, केन्द्र पर कार्यरत कर्मियों के पारिश्रमिक का भुगतान द्वितीय पक्ष को करना है ।

सभी तथ्यों के विश्लेषण के पश्चात यह प्रमाणित होता है कि बेगुसराय जिला अन्तर्गत अवस्थित कुशल युवा केन्द्र KYP code 05010007 ANAND संस्था के द्वारा सीधे तौर पर संचालित नहीं है । अपितु इसका संचालन श्री भदई सिंह, पिता–स्व0 भुवनेश्वरी सिंह के द्वारा किया जा रहा है । Franchisee mode में केन्द्र के संचालन से अनावश्यक रूप से केन्द्र को प्राप्त होने वाले राजस्व का बंटवारा होता है, जिससे केन्द्र में प्रशिक्षण की गुणवत्ता प्रभावित होती है । ANAND संस्था के द्वारा विचौलिये की भूमिका निभाई जा रही है, जो कार्यक्रम की गुणवत्ता के लिए हानिकारक है । उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में कुशल युवा केन्द्र KYP code 05010007 का स्वामित्व उसके वास्तविक संचालनकर्ता श्री भदई सिंह, पिता–स्व0 भुनेश्वरी सिंह, साकिन भारद्वाज नगर, बडी एघु, पो0 एघु, वार्ड नं041 जिला–बेगुसराय के नाम पर परिवर्तित करने का आदेश दिया जाता है । श्री भदई सिंह को आदेश दिया जाता है कि वे आदेश प्राप्ति के तीन दिनों के अंदर पोर्टल पर परिवर्तित किये जाने वाले सूचना यथा–Organisation name, Center name, Owner name,Pan details,Bank account details,email ID एवं मोबाईल नं0 की विवरणी बिहार कौशल विकास मिशन में जमा करना सुनिश्चित करें, ताकि बिहार कौशल विकास मिशन के पोर्टल पर तदनुकूल संशोधन/परिवर्तन किया जा सके ।

प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है ।

17.03.2020
(रंजीता,भा0प्र0से0)
अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
बिहार कौशल विकास मिशन ।

ज्ञापांक–BSDM/SDM–07/2020 296 पटना,दिनांक– 17/3/2020

प्रतिलिपि– **(1)** श्रीमती इन्दुभूषण सिंह, सचिव, ANAND बेगुसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

**(2)** श्री भदई सिंह, पिता–स्व0 भुनेश्वरी सिंह, साकिन भारद्वाज नगर, बडी एघु, पो0 एघु, वार्ड नं0 41 जिला–बेगुसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

Scanned with CamScanner

**(3)** जिला नियोजन पदाधिकारी, बेगुसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

**(4)** मिशन निदेशक, बिहार कौशल विकास मिशन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

**(5)** Project Director, MKCL/Project Director,E&Yको सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

**(6)** मिशन प्रबंधक(वित्त एवं लेखा)/मिशन प्रबंधक(समन्वय)/SPMU Incharge बेगुसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

**(7)** जिला कौशल प्रबंधक,बेगुसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

17-03-2020

अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
बिहार कौशल विकास मिशन ।

Scanned with CamScanner